सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
चैत्र 27, सोमवार, *शाके* 1945-अप्रेल 17, 2023 *Chaitra 27, Monday , Saka 1945- April 17, 2023*	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

कार्यालय नगर पालिका राजगढ़ जिला चुरू

अधिसूचना

चूरू, अक्टूबर 28, 2016

स्वायत शासन विभाग राजस्थान जयपुर

नगर पालिका मण्डल राजगढ़ चुरू

साधारण सभा मण्डल प्रस्ताव, राजगढ़ चुरू

संख्या 7 :-नगर पालिका मण्डल राजगढ़ चुरू की सामान्य साधारण सभा की बैठक दिनांक 28.10.2016को सांय 3 पी एम बजे पर नगर पालिका सभा भवन में श्री जगदीश बैरासरिया अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमे कुल 27 निर्वाचित सदस्य व एक विधायक कुल 28 उपस्थित आयें तथा गणमूर्ति होने पर सदन की कार्यवाही श्री जगदीश बैरासरिया अध्यक्ष की अध्यक्षता में शुरू हुई| जिसमे अन्य प्रस्तावों के साथ प्रस्ताव संख्या तीन निम्न प्रकार पारित किया गया:-

3.प्रस्ताव संख्या तीन:-पुरानीघनी आबादी क्षेत्र से परकोटे एंव परम्परागत जीरो सेट बैक क्षेत्रो का निर्धारण करने का विचार|

श्रीमान अध्यक्ष ने सदन को बताया की निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग राज. जयपुर (सदस्य सचिव राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति एंव वरिष्ठ नगर नियोजन) पत्र क्रमांक एफ-59 एस.टी.पी./डीएलबी/एसएलसी/(348)/16/647/ दिनांक 23.08.2016 पुराने शहर/परकोटे के भीतर सघन आबादी में व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन करने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ है| पुरानी घनी आबादी की सीमा निर्धारण हेतु नगर पालिका परकोटे में पुरानी आबादी की सीमा निम्न प्रकार निर्धारण की जानी है।

उत्तर:- हिसार रेलवे लाइन व् बीकानेर-दिल्ली रोड के मिलान से शुरू होकर दिल्ली रोड होते हुए तारानगर रोड के मिलान तक जो सादुलपुर से उत्तरी व् पश्चिमी कोने में दिल्ली रोड से मिलता है।
पश्चिम:- दिल्ली बीकानेर रोड व् तारानगर रोड के मिलान से माता मंडी होते हुए कब्रिस्तान के पास से

शमशान भूमि से अगुण सहारे - सहारे तुगनीराम जी घेवका की छतरी तक|

दक्षिण:- तुगनी राम जी घेवका की छतरी से विद्यार्थी आश्रम होते हुए लोको सेड का आखिरी दक्षिणी क्वाटर से मोहल्ला दमामियान के सहारे - सहारे दक्षिण होते हुए समाधि तक|

पूर्व:- समाधी से पूर्वी कब्रिस्तान होते हुए मोहल्ला बिडदीचंद के कुआ के पूर्वी तमाम घरों को पश्चिम में छोड़ते हुए धीरू खां की ढाणी के पूर्व होते हुए हिसार लाइन व् भादरा के सहारे-सहारे बीकानेर रोड के रेलवे लाइन क्रोसिंग तक|

सदन में वाद विचार कर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

प्रियंका बुडानिया,
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका-राजगढ़ (चूरू)।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।